मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत को विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में उत्तराखंड का आदर्श मॉडल बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक, सुलभ और जन-केंद्रित बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला चिकित्सालय चंपावत में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट की स्थापना से गंभीर एवं आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को आवश्यक रक्त घटक स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगे। इस अवसर पर सचिव स्वास्थ्य विनय शंकर पाण्डेय, दायित्वधारी सुभाष बगौली, विधायक प्रतिनिधि चंपावत प्रकाश चन्द्र तिवारी, भाजपा नेता सतीश पाण्डेय, वर्चुअल माध्यम से जिला पंचायत अध्यक्ष चंपावत आनन्द सिंह अधिकारी, चम्पावत के भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सामन्त, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चम्पावत प्रेमा पाण्डेय, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद लोहाघाट गोविन्द वर्मा, दायित्वधारी श्याम नारायण पाण्डेय, मनोज कालाकोटी, मुकेश महराना, हेमा जोशी, किरन देवी, बलॉक प्रमुख चम्पावत अंचला बोहरा, भाजपा के जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

# कुंभ के दृष्टिगत आपदा प्रबंधन की तैयारियां पूर्व में करने के निर्देश

### भीड़ प्रबंधन और निकासी के लिए सेक्टरवाइज प्लान किया जाए तैयार : मुख्य सचिव

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में कुंभ मेला-2027 के दौरान आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की तैयारियों को लेकर सम्बन्धित विभागों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि संभावित आपदाओं एवं आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां पूर्व से पूरी कर ली जाएं, ताकि मेला अवधि में किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

मुख्य सचिव ने कहा कि कुंभ मेला-2027 के लिए आपातकालीन कार्ययोजना एवं क्षेत्र-विशिष्ट प्लान तैयार किए जाएं। उन्होंने पूरे कुम्भ क्षेत्र की सेक्टरवार निकासी योजना तैयार किए जाने के निर्देष दिए। कहा कि क्राउड मैनेजमेंट, ट्रैफिक प्लान, इवेक्यूएशन प्लान और फायर कंट्रोल मैकेनिज्म को लेकर एक समेकित आपदा प्रबंधन योजना तैयार की जाए, मुख्य सचिव ने बाढ़, भूकम्प एवं सीबीआरएन आपदा प्रबंधन के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल उपकरणों की खरीद पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका ऑपरेशनल होना, नियमित रखरखाव और सम्बन्धित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना भी आवश्यक है। उन्होंने उपकरणों से सम्बन्धित गैप का आंकलन कर एसडीआरएफ के माध्यम से कुंभ मेला-2027 के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने एटीएस को और मजबूत करने के निर्देश देते हुए कहा नियमित मॉक ड्रिल आयोजित की जाएं।

# उत्तराखण्ड में अपने आशियाना का सपना हो रहा साकार

## दिसंबर तक 15 हजार से अधिक परिवारों को मिलेगी पक्की छत

### मुख्यमंत्री का लक्ष्य है-हर पात्र परिवार का हो अपना घर

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) को नई गति दी है। जरूरतमंद पात्र परिवारों का अपने आशियाने का सपना साकार हो रहा है। आगामी दिसंबर माह तक 15 हजार से अधिक परिवारों को पक्की छत मिलने जा रही है। आवास विभाग ने लंबित आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अगले माह सितंबर तक की टाइम लाइन निर्धारित की है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत हर पात्र परिवार को पक्की छत उपलब्ध कराने के लिए धामी सरकार प्रतिबद्ध है। सचिव आवास डॉ आर राजेश के अनुसार प्रदेश में कुल 18 परियोजनाओं के तहत 15496 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें लगभग 84 फीसदी यानी 12948 आवासों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। जबकि 1271 घरों की चाबियां भी लाभार्थियों को सौंपी जा चुकी है। इनमें 768 रुड़की और 503 लाभार्थी हरिद्वार के हैं। लंबित आवासीय परियोजनाओं को 30 सितंबर तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं को दिए गए हैं।योजना के तहत सर्वाधिक 10200 मकान ऊधमसिंह नगर जनपद में बनाए जा रहे हैं। इनमें रुद्रपुर हाउसिंग स्कीम के 1872 आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। इसके अलावा 1264 आवास भवानीपुर (जसपुर), 1168 उकरौली-1(सितारगंज), 864 उकरौली-2 (सितारगंज), 1256 कनकपुर (काशीपुर), 928 मटकोटा (रुद्रपुर), 928 श्यामनगर (गदरपुर), 824 महुवाखेड़ागंज, 512 मानपुर (काशीपुर) एवं 584 गंगापुर गोसाल (काशीपुर) में पात्र लाभार्थियों को मिलेंगे। हरिद्वार जनपद में कुल 4528 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जा रहा है, इनमें 544 मंगलौर, 448 झब्बरपुर, 1152 अन्नेकी, 1088 बेल्दी (बेलड़ी, रुड़की), 768 आवास शिकारपुर एवं 528 इंद्रलोक आवासीय योजना के तहत बन रहे हैं। नैनीताल जनपद के उम्मेदनगर (रामनगर) में सभी 528 आवासीय इकाइयों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है।देहरादून जनपद में धौलास हाउसिंग स्कीम के तहत 240 में से 180 आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के अनुरूप विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के सम्मान, सुरक्षा और बेहतर भविष्य की मजबूत नींव है। प्रदेश में हजारों गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को योजना का सीधा मिला है। पात्र परिवारों की मदद के लिए योजना में अब राज्य सरकार की हिस्सेदारी को 50 हजार से बढ़ाकर 75 हजार किया जा रहा है।

# आक्रामक कैंसर पीड़ित 65 वर्षीय मरीज का सफल इलाज

**देहरादून।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के डॉक्टरों ने रिलैप्स्ड डिफ्यूज लार्ज बी-सेल लिम्फोमा (डीएलबीसीएल) से पीड़ित 65 वर्षीय मरीज का एडवांस्ड सीएआर-टी सेल थेरेपी से सफल इलाज किया। डीएलबीसीएल ब्लड कैंसर का एक आक्रामक प्रकार है, जिसमें इलाज के बाद बीमारी दोबारा लौट सकती है। देहरादून निवासी शरद चंद्र झाल्डियाल को 2020 में डीएलबीसीएल का पता चला था। उन्होंने मुंबई में आर-सीएचओपी कीमोथेरेपी के छह साइकल पूरे किए, लेकिन बाद में बीमारी दोबारा हो गई। इसके बाद उन्हें सीएआर-टी सेल थेरेपी के लिए मूल्यांकन किया गया और मैक्स साकेत में भर्ती किया गया।सीएआर-टी थेरेपी में मरीज के अपने इम्यून सेल्स को लैब में मॉडिफाई किया जाता है।

# सरकारी योजनाओं को लेकर पीआईबी ने किया मीडिया से संवाद

### स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य पालन, महिला एवं बाल विकास, नशामुक्ति, स्वरोजगार, जीआई टैग एवं स्थानीय उत्पादों से जुड़ी योजनाओं पर हुई चर्चा

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी), देहरादून की ओर से सीमांत जनपद चमोली में 'वार्तालाप' एवं क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत बिष्ट, नगर पालिका अध्यक्ष गोपेश्वर संदीप रावत, जिलाधिकारी गौरव कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, प्रेस क्लब के संरक्षक क्रांति भट्ट तथा पीआईबी के सहायक निदेशक संजीव सुन्द्रियाल ने किया।

कार्यशाला में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, स्थानीय उत्पादों, स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य पालन, महिला एवं बाल विकास, नशामुक्ति और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत बिष्ट ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पूरे जनपद की बेहतरी के लिए लाभदायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया 'वार्तालाप' कार्यक्रमों को जनपद के ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाना चाहिए, ताकि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। कार्यक्रम के आयोजक एवं पीआईबी के सहायक निदेशक संजीव सुन्द्रियाल ने कहा कि सीमांत जनपद चमोली में 'वार्तालाप' कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य प्रामाणिक और तथ्यपरक जानकारी के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को मीडिया के जरिए जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि चमोली में तैयार होने वाले स्थानीय उत्पादों और यहां की संस्कृति को पहचान दिलाने के साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिलाना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों के हर गांव और हर घर तक केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसी मंशा के साथ पीआईबी की ओर से चमोली को इस कार्यक्रम के लिए चुना गया।उन्होंने कहा कि स्थानीय मीडिया सरकार और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है। मीडिया के माध्यम से योजनाओं की सही और प्रमाणिक जानकारी दूरस्थ गांवों तक पहुंचने से पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी।

नगर पालिका अध्यक्ष संदीप रावत ने कहा कि पीआईबी द्वारा मीडिया और अधिकारियों के बीच केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कई योजनाएं ऐसी हैं, जिनका पर्याप्त प्रचार-प्रसार न होने के कारण लोग उनका लाभ नहीं ले पाते। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से मीडिया के सहयोग से योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जा सकती है।क्रांति भट्ट ने जनपद में प्रेस की चुनौतियों एवं भूमिका के बारे में जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी ने सकारात्मक एवं जनहितकारी पत्रकारिता की सराहना की और सरकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने नशामुक्त भारत अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अभियान के तहत 140 नारकोटिक्स किट वितरित किए गए हैं। उन्होंने युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पत्रकारिता की आवश्यकता पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा पीआईबी की ओर से विश्वसनीय एवं तथ्यपरक सूचनाओं के प्रसार के लिए आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत अध्यक्ष दौलत बिष्ट ने तमक नाला, नीति घाटी और टीएचडीसी पीपलकोटी में हुई आपदाओं के दौरान जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव सिंह पाल ने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले स्थानीय व्यक्ति को राहगीर योजना के तहत 25 हजार रुपये तक की पुरस्कार राशि दी जाती है।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि, आधुनिक भारत की नींव रखने वाला बताया

उत्तर उजाला ब्यूरो

**हरिद्वार।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस ओबीसी विभाग के संयोजन में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी और मनोज सैनी ने कहा कि स्व. राजीव गांधी देश को 21वीं सदी के लिए तैयार करने वाले दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने कहा कि जिस दौर में कंप्यूटर को लेकर आशंकाएं थीं, उस समय राजीव गांधी ने भारत को तकनीक से दूर रखने के बजाय उसके लिए तैयार किया। रेलवे आरक्षण और सरकारी व्यवस्थाओं में कंप्यूटरीकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंप्यूटर क्षेत्र को प्रोत्साहन तथा प्रशासन में नई तकनीक के प्रयोग ने आधुनिक भारत की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ओबीसी विभाग के जिलाध्यक्ष विकास चंद्रा और रानीपुर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नन्दलाल यादव ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने लोकतंत्र की ताकत दिल्ली और राज्यों की राजधानियों से निकालकर गांवों तक पहुंचाने का काम किया।

एससी विभाग के प्रदेश कॉर्डिनेटर अक्षय नागपाल और जिला प्रवक्ता अमित अवस्थी ने कहा कि राजीव गांधी के कार्यकाल में सी-डॉट, एमटीएनएल और स्वदेशी डिजिटल टेलीफोन एक्सचेंज को बढ़ावा मिला। दूरदराज के क्षेत्रों तक टेलीफोन सेवाओं के विस्तार और बाद में तेजी से फैले एसटीडी-पीसीओ नेटवर्क की आधारभूमि भी इसी दौर के तकनीकी बदलावों से मजबूत हुई। विवेक त्यागी और रजत त्यागी ने कहा कि स्व. राजीव गांधी की सबसे बड़ी पहचान उनकी भविष्य को देखने वाली सोच थी। वह उस समय कंप्यूटर, विज्ञान, आधुनिक शिक्षा, दूरसंचार और युवा शक्ति की बात कर रहे थे, जब देश में सामान्य टेलीफोन कनेक्शन तक आसानी से उपलब्ध नहीं था। श्रद्धांजलि सभा में सोम त्यागी, मनोज सैनी, विकास चंद्रा, अक्षय नागपाल, नन्दलाल यादव, अमित अवस्थी, जावेद आलम, विवेक त्यागी, रजत त्यागी, आनंद राठौड़, शिवम वाल्मीकि, राजबीर सैनी, सूर्या, जवाहर चावला, कमल सैनी, सोमपाल आदि मौजूद रहे।

# तिलवाड़ा-मायली-गुप्तकाशी मोटर मार्ग दो लेन करने की पैरवी

### महाराज ने परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय की बैठक में रखे कई सुझाव



उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून/दिल्ली।** प्रमुख नदियों व्यास, रावी, भागीरथी, अलकनंदा, तीस्त आदि में वैज्ञानिक ढ़ग से ड्रेजिंग और बाढ़ सुरक्षा उपाय के लिए संयुक्त कार्य योजना पर चर्चा के लिए नई दिल्ली में हुई बैठक में प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, ग्रामीण निर्माण, पर्यटन,धर्मस्व एवं संस्कृति सतपाल महाराज ने उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित ट्रांसपोर्ट भवन के सागर मंथन हाल में गुरुवार को परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय, वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन एवं जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में प्रमुख नदियों व्यास, रावी, भागीरथी, अलकनंदा, तीस्त आदि में वैज्ञानिक ढ़ग से ड्रेजिंग और बाढ़ सुरक्षा उपाय के लिए हुई बैठक में संयुक्त कार्य योजना पर चर्चा की गई। बैठक में प्रतिभा करते हुए प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, ग्रामीण निर्माण, पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति सतपाल महाराज ने महत्वपूर्ण सुझाव रखते हुए कहा कि उत्तरकाशी से गंगोत्री के मध्य लगभग 100 किलोमीटर का क्षेत्र पर्यावरण की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस क्षेत्र में नदी तल पर भारी मात्रा में बोल्डर का प्रभाव होने पर कभी-कभी बोलेरो एवं रेट के मिश्रण का नदी तल पर जमाव हो जाता है जिससे नदी ताल का स्तर ऊंचा होने के साथ-साथ झील बनने की संभावना उत्पन्न हो जाती है इसलिए नदी किनारे स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग की ऊंचाई को बढ़ाए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। बैठक में कैबिनेट मंत्री महाराज ने यह भी कहा कि हर्षिल के निकट निर्मित कृत्रिम झील से राजमार्ग 34 की सुरक्षा हेतु 200 मी का बांध बनाया गया है उसे स्थान पर राजमार्ग के लगभग 600 मी भाग में राजमार्ग को एक से डेढ़ मीटर तक ऊंचा उठाने की आवश्यकता है।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-आक्शन सूचना

सं0-सी/54/खानपान/टीएसवी/ई आक्शन, दिनांक-19.08.2026

वरि0 मंडल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से ट्रेन साइड वेंडिंग ठेकों हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइड www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है:-

| श्रेणी | कैटलॉग सं0 | ऑक्शन प्रारम्भ | ऑक्शन समापन |
|---|---|---|---|
| TSV | IZN-MMS-MobGen- | 28-08-26/12:00:00 | 28-08-26/12:40:00 |

| क्रम | गाड़ी सं0 | गाड़ी का प्रकार | कहाँ से | कहाँ तक | आवृत्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15056-55 | Exp. | रामनगर | आगरा फोर्ट | त्रि-साप्ताहिक |
| 2 | 15020-19 | Exp. | टनकपुर | देहरादून | त्रि-साप्ताहिक |

1. बोलीदाताओ को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की बेवसाइट www.ireps.gov.in देखें। 2. उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। 3. ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एंव शर्ते आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4.बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एंव समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते है। 5. सभी की बेवसाइट संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धिपत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

मुजाधि/वाणिज्य-110 सहायक वाणिज्य प्रबंधक, इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


# फील्ड में जाकर जमीनी हकीकत समझें अधिकारी : राज्यपाल

उत्तर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2024 बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं को उपराष्ट्रपति की मौजूदगी में राज्यपाल ने भी संबोधित किया। राज्यपाल ने व्यावसायिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर सभी अधिकारी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल, सार्थक एवं राष्ट्रसेवा को समर्पित सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अकादमी में प्रशिक्षण का एक अध्याय आज पूरा हो रहा है, लेकिन राष्ट्रसेवा की वास्तविक और महत्वपूर्ण यात्रा अब शुरू हो रही है।



राज्यपाल ने कहा कि प्रशासन की वास्तविक परीक्षा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में होती है, जब समय सीमित हो, जानकारी अधूरी हो और निर्णय का प्रभाव व्यापक हो। ऐसी परिस्थितियों में नियम मार्गदर्शन देते हैं और अनुभव सहायता करता है, लेकिन सही निर्णय के लिए विवेक, निष्पक्षता और दूरदृष्टि आवश्यक है।

# अनीस कुरैशी बने कांग्रेस के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष

### कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

उत्तर उजाला ब्यूरो

**हरिद्वार।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने अनीस कुरैशी को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। नवनियुक्त वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि अनीस कुरैशी कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने के साथ संगठन को मजबूत करने का काम करें।

पूर्व राज्य मंत्री मकबूल कुरैशी ने अनीस कुरैशी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस में कर्मठ और ईमानदार कार्यकर्ताओं को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी देश की जनता के हितों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकजुट होकर उनके संघर्ष को आगे बढ़ाएं। नवनियुक्त वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनीस कुरैशी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने के साथ जनसमस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी से परेशान समाज के सभी वर्गों के लोग आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएंगे। स्वागत करने वालों में बाजीराव, शेर मोहम्मद, राजवीर सिंह, रवीश भटीजा, सोहेल अख्तर, मनोज धनकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नौशाद मंसूरी ने भाजपा प्रदेश नेतृत्व का जताया आभार

**हरिद्वार।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए हरिद्वार जिले से नौशाद अहमद मंसूरी को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ की ओर से जारी की गई कार्यकारिणी की सूची में नौशाद अहमद मंसूरी को स्थान दिया गया है। उन्हें बीएचईएल रानीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भी दिया गया है। नौशाद मंसूरी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने से उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। संगठन में नई जिम्मेदारी मिलने के बाद उनके सामने अल्पसंख्यक समाज के बीच पार्टी की नीतियों और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की जिम्मेदारी भी रहेगी। प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल होने के बाद नौशाद मंसूरी ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य किया जाएगा। उनके मनोनयन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए नौशाद मंसूरी को बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारी मिलने से रानीपुर विधानसभा क्षेत्र सहित जिले में अल्पसंख्यक मोर्चा की संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी।


इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

सी आई एन: L24111UR1983PLC009097

पंजीकृत कार्यालय: ए-1, इंडस्ट्रियल एरिया, बाजपुर रोड, काशीपुर-244713, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

दूरभाष: +91 5947 269000/269500; फैक्स: +91 5947 275315/269535

ई-मेल: compliance.officer@indiaglycols.com; वेबसाइट: www.indiaglycols.com

शेयरधारकों के लिए चौथी सूचना

भौतिक शेयरों के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो

यह हमारे पिछले समाचार पत्र नोटिसों के संबंध में है, जो 18 फरवरी, 2026, 22 अप्रैल, 2026 और 19 जून, 2026 को प्रकाशित किए गए थे। एतद्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी के दिनांक 30 जनवरी, 2026 के परिपत्रक क्र. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 के तहत, उन भौतिक शेयरों के हस्तांतरण और डीमेटेरियलाइजेशन हेतु 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक एक (1) वर्ष की अवधि के लिये एक विशेष विंडो खोली गई है, जो एक 1 अप्रैल, 2019 से पूर्व खरीदे /बेचे गये थे। यह सुविधा उन शेयरधारकों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 1 अप्रैल, 2019 से पूर्व इण्डिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड (''कंपनी'') के भौतिक (फिजिकल) शेयर खरीदे थे, और;

(क) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए शेयर जमा नहीं किए थे; या

(ख) जिन्होंने हस्तांतरण के लिए शेयर जमा तो किए थे, लेकिन दस्तावेजों में कमियों के कारण उन्हें अस्वीकार कर दिया गया था, या वापस कर दिया गया था या उन पर ध्यान नहीं दिया गया था।

विशेष विंडो की प्रयोज्यता

इस विंडो की पात्रता लागू होने की शर्तों को स्पष्ट रूप से समझने के लिए, शेयरधारक नीचे दी गई तालिका का संदर्भ ले सकते हैं:

| हस्तांतरण विलेख के निष्पादन की तिथि | क्या हस्तांतरण के लिए 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किया गया था? | क्या मूल शेयर प्रमाणपत्र उपलब्ध है? | क्या मौजूदा विंडो में जमा करने के लिए पात्र हैं? |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | नहीं (यह नया प्रस्तुतीकरण है) | हाँ | ✓ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ (इसे पहले अस्वीकार या वापस कर दिया गया था) | हाँ | ✓ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | हाँ | नहीं | ✗ |
| 1 अप्रैल, 2019 से पहले | नहीं | नहीं | ✗ |

विशेष विंडो की अवधि के दौरान पुनः जमा किए गए सभी शेयरों को अनिवार्य रूप से प्राप्तकर्ता के खाते में केवल डीमैट मोड में ही जमा किया जाएगा। साथ ही, ये शेयर हस्तांतरण के पंजीकरण की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन के अधीन होंगे। इस लॉक-इन अवधि के दौरान इन शेयरों को न तो किसी को स्थानांतरित किया जा सकेगा, न ही इन्हें गिरवी रखा जा सकेगा और न ही इन पर कोई ग्रहणाधिकार लगाया जा सकेगा।

पात्र शेयरधारक हस्तांतरण प्रक्रिया के लिए अपने आवेदन, मूल शेयर प्रमाणपत्र और सेबी के परिपत्र में सूचीबद्ध अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित अवधि के भीतर कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, मेसर्स एम सी एस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, 179-180, डीएसआईडीसी शेड, तीसरी मंजिल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-I, नई दिल्ली 110020, या admin@mcsregistrars.com पर ईमेल कर सकते है, अथवा कंपनी सचिव को प्लॉट नंबर 2-बी, सेक्टर-126, नोएडा-201304, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, या compliance.officer@indiaglycols.com पर ईमेल कर सकते है।

अधिक जानकारी के लिए, शेयरधारक सेबी के परिपत्र को देख सकते है, जो कंपनी की वेबसाइट https://www.indiaglycols.com/shareholders-communication/ पर उपलब्ध है।

कृते इण्डिया ग्लाईकोल्स लिमिटेड

हस्ता./-

स्थान : नोएडा, उ. प्र.

दिनांक : 20.08.2026

अंकुर जैन

प्रमुख (कानूनी) एवं कम्पनी सचिव



उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, भिकियासैंण (अल्मोड़ा)

कारपोरेट आईडेन्टीटी संख्या : U40109UR2001SGC025867, दूरभाष : 05966-242040

''विद्युत बन्दी सूचना''

विद्युत वितरण खण्ड, भिकियासैंण (अल्मोड़ा) के अधीन विद्युत वितरण उपखण्ड, भिकियासैंण में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति प्रदान करने हेतु निम्न तालिकानुसार आर0डी0एस0एस0 योजनान्तर्गत 33 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान भिकियासैंण में 11 के0वी0 नौला पोषक में Reconductroing का कार्य प्रस्तावित है।

निम्न पोषकों से जुड़े समस्त क्षेत्रों/ग्रामों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक पूर्ण या आंशिक रूप से बॉधित रहेगी।

| क्र0 सं0 | दिनांक | प्रभावित 33/11 के0वी0 उपसंस्थान का नाम | प्रभावित 11 के0वी0 पोषक का नाम | कार्य का विवरण | सम्बन्धित अधिकारी | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21.08.2026 शुक्रवार से 27.08.2026 गुरूवार | भिकियासैंण | नौला | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान भिकियासैंण के 11 के0वी0 नौला पोषक में Reconductroing का कार्य। | ई0 श्री तसनीफ अनवर, उपखण्ड अधिकारी वि0वि0उ0खं0 मोलेखाल मो0 94120993240<br>श्री वसीम अहमद अवर अभियन्ता सल्ट/मानिला मो0 9412093241 | उक्त पोषकों से सम्बन्धित क्षेत्र/ग्राम की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक पूर्ण या आंशिक रूप से बॉधित रहेगी। |

अतः उपभोक्ताओं से अनुरोध है, कि जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में कारपोरेशन का सहयोग करें तथा व्यवधान की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था बनाये रखें।

No.: 644/EE(CM)/UPCL/A-2 Dated : 20.08.2026

अधिशासी अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. का बल्ब प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं. 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ।
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)


# आईआईटी रुड़की में जुटे विशेषज्ञ, राष्ट्रीय भवन मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा

### बीआईएस विशेषज्ञों ने एनबीसीएस 2026 के प्रावधानों और अग्नि-जीवन सुरक्षा मानकों की दी जानकारी

उत्तर उजाला ब्यूरो

**हरिद्वार/रुड़की।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के सहयोग से राष्ट्रीय भवन निर्माण मानक पर कार्यशाला आयोजित की गई। जल संसाधन विकास एवं प्रबंधन विभाग के व्याख्यान कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में भवन निर्माण के नए मानकों, उनकी उपयोगिता और प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेषज्ञों ने चर्चा की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. केके पंत रहे, जबकि बीआईएस के उप महानिदेशक (मानकीकरण) संजय पंत ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। आईआईटी रुड़की में बीआईएस चेयर प्रो. दीपक खरे ने स्वागत संबोधन में छात्रों और शिक्षण संस्थानों में भारतीय मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत बताई। बीआईएस के विशेषज्ञों ने एनबीसीएस 2026 में किए गए प्रमुख बदलावों के साथ भवनों की अग्नि एवं जीवन सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही मानकों के विकास और उनके व्यावहारिक इस्तेमाल में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर भी चर्चा हुई। तकनीकी सत्र के बाद खुले संवाद में छात्रों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछे। कार्यशाला के दौरान बीआईएस के संजय पंत को राष्ट्रीय भवन संहिता के विकास और उन्नयन में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी रुड़की के विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी, छात्र और पेशेवर शामिल हुए।

## प्रश्नोत्तरी में राहुल भसीन रहे अव्वल

एनबीसीएस 2026 पर 17 अगस्त को आयोजित प्रश्नोत्तरी में राहुल भसीन ने प्रथम स्थान हासिल किया। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सागर जायसवाल दूसरे और जैव विज्ञान एवं जैव अभियांत्रिकी विभाग के अक्षत गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे। प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 हजार, द्वितीय को 10 हजार और तृतीय विजेता को पांच हजार रुपये दिए गए। पांच प्रतिभागियों को दो-दो हजार रुपये के सांत्वना पुरस्कार भी मिले।